<u>संदेश</u>

लोहड़ी, मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहु पर्वों के शुभ अवसर पर मैं, देश और विदेश में रह रहे सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक ये पर्व अपने साथ उत्साह और उमंग लेकर आते हैं। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में अलग–अलग रूप में मनाए जाने वाले ये त्योहार प्रकृति से प्रेम और जुड़ाव का संदेश देते हैं। इन त्योहारों पर लोगों में पवित्र नदियों में स्नान करने और दान-पुण्य करने की भी मान्यता है।

कृषि से जुड़े ये पर्व हमारे अन्नदाता किसानों के अथक परिश्रम के लिए उनका आभार व्यक्त करने के भी अवसर हैं।

मेरी कामना है कि ये पावन पर्व प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाएं तथा विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए नई ऊर्जा का संचार करें।

****